दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में बिहार को सात हजार करोड़ रूपये से अधिक की सौगात देंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।
2. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में खाली पड़े शिक्षक के पदों पर भर्ती के लिए टीआरई फोर परीक्षा की तैयारी की प्रक्रिया शुरू की।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा– मतदाता सूची से किसी का नाम हटाने से पहले उन्हें नोटिस भेजा जायेगा।
4. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पूर्णियां में जादू–टोना के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जिंदा जलाकर हत्या के मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेश को नोटिस भेजा।
5. और, मानसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश भागों में हो रही है झमाझम बारिश। मौसम विभाग का कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया में भारी वर्षा का अलर्ट।

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी के दौरे पर आ रहे हैं। श्री मोदी गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वे राज्य की सात हजार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल और आस–पास के क्षेत्रों में सुरक्षा–व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधिक्षक स्र्वण प्रभात ने बताया है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में उमड़ने वाली भीड़ के प्रबंधन के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर व्यापक व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम के दिन मोतिहारी शहर में विशेष ट्रेफिक प्लान लागू किया जायेगा। वहीं, जिले में सुरक्षा के मद्देनजर सभी सार्वजनिक स्थलो, अतिथिशालाओं और होटलों में भी एहतियाती जांच शुरू कर दी गयी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है।

————————————————————————————————

समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेलवे से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———बाइट———

————————————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद  संजय कुमार झा ने कहा है कि प्रधानमंत्री का बिहार आना हर बार शुभ संदेश होता है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री झा ने कहा कि पिछले दौरों की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री राज्य को बड़ी सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य वासी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्साहित है।

———बाइट———

————————————————————————————————————

मुख्यमुंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की तत्काल गणना करने और इन पदों पर नियुक्ति के लिए टीआरई फोर परीक्षा का आयोजन शीघ्र कराने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा है कि शिक्षा विभाग इस संबंध में प्रक्रिया को जल्द पूरा करें। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में पैंतीस प्रतिशत राज्य की मूल निवासी महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। इस बीच शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए भरोसा दिया कि टीआरई फोर की परीक्षा आयोजित करने की कार्यवाही शीघ्र ही पूरी की जायेगी।

———बाइट———

————————————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले

बारह लाख युवाओं को नौकरी और अड़तीस लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

---बाइट---

-----------------------------------------------

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक छह करोड 99 लाख से अधिक वोटरों का गणना प्रपत्र जमा हो चुका हैं। यह कुल सात करोड नवासी लाख से अधिक मतदाताओं की संख्या का अट्ठासी दशमलव छह पांच प्रतिशत है। अब मात्र छह दशमलव आठ पांच प्रतिशत मतदाताओं के प्रपत्र जमा किए जाने है। अभियान के संपन्न होने में केवल नौ दिन शेष रह गये हैं। इसे देखते हुए निर्वाचन आयोग ने बाकी बचे मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने की अपील की है। इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि मतदाता सूची से किसी का नाम काटने से पहले उन्हें नोटिस भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की अलग से सूची बनाई जायेगी। इस सूची को मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों को भी भेजा जायेगा।

-----------------------------------------------

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि चुनाव आयोग ने अच्छी नियत के साथ मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कर रहा है। इसके अच्छे नतीजे आयेंगे। श्री हुसैन ने विपक्षी दलों पर एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया।

---बाइट---

-----------------------------------------------

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल बिहार दौरे पर रहेंगे। श्री चौहान कल दोपहर समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।

———————————————————————————

बिहार में भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने में बडी सफलता पाई है। एसएसबी के पटना सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक  निशित कुमार उज्ज्वल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि इस वर्ष जनवरी से अब तक  अलग अलग स्थानों पर छह हजार सात सौ किलो से अधिक मादक पदार्थ पकड़े गये हैं और 153 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———बाइट———

———————————————————————————

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच सदस्यों को जिंदा जलाकर मार दिए जाने के मामले में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। जादू—टोना करने के संदेह में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। आयोग ने घटना के बारे में मीडिया की खबरों का स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा है कि यदि खबरें सही है तो यह मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। वहीं, आयोग ने राज्य सरकार को इस कांड में पीडित परिवार का एकमात्र जीवित सदस्य और घटना का प्रत्यक्षदर्शी सोलह साल के बच्चे को उचित मार्गदर्शन और सुरक्षा देने का भी निर्देश दिया है।

———————————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने आयकर विभाग के डिप्टी कमिशनर आदित्य सौरभ और दो अन्य कर्मियों को दो लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। डिप्टी कमिशनर आदित्य और अन्य दो आरोपी इनकम टैक्स इन्सपेक्टर मनीष पंकज और एमटीएस शिवम पटना स्थित आयकर महानिदेशक अनुसंधान के कार्यालय में पदस्थापित थे। सीबीआई ने इन तीनों को अदालत में पेश किया जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

———————————————————————————

दक्षिण—पश्चिम मानसून की सक्रिता से राज्य के अधिकतर स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार गया, रोहतास, नवादा, जमुई, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर समेत विभिन्न जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा हुई है। गया के डोभी में सबसे अधिक एक सौ छियासी दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अधिकांश भागों में मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी रहेगा।

———बाइट———

———————————————————————————

पड़ोसी राज्य झारखंड और उत्तर प्रदेश के साथ ही राज्य के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण गंगा समेत प्रदेश से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर समेत विभिन्न स्थानों पर लगातार बढ़ रहा है। पटना के गांधी घाट और हाथीदह में नदी खतरे के निशान के काफी करीब बह रही है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के रेवाघाट और हाजीपुर में लगातार बढ़ रहा है। इधर, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबद में खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर बह रही है। बूढ़ी गंडक, कोसी, महानंदा, अधबारा समूह की नदियों समेत अन्य नदियों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी की प्रवृत्ति बनी हुई है।

———————————————————————————

पटना के पुलिस महानिरीक्षक जीतेन्द्र राणा ने व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में लापरवाही के आरोप में गांधी मैदान थाना के प्रभारी राजेश कुमार को निलंबित कर दिया है। ये कार्रवाई वरीय पुलिस अधिक्षक कार्तिके के. शर्मा की अनुशंसा पर की गयी है।

---

कटिहार के बाल सुधार गृह से आज छह नाबालिग ग्रील काटकर फरार हो गए। पुलिस ने तीन फरार बच्चों को जिले के डंडखोरा थाना क्षेत्र से सकुसल बरामद कर लिया है। जबकी तीन बच्चों की तलाशी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार मीणा ने अपर समाहरता को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

---

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अठारह जुलाई को मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में बिहार को सात हजार करोड़ रूपये से अधिक की सौगात देंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।
2. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में खाली पड़े शिक्षक के पदों पर भर्ती के लिए टीआरई फोर परीक्षा की तैयारी की प्रक्रिया शुरू की।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा– मतदाता सूची से किसी का नाम हटाने से पहले उन्हें नोटिस भेजा जायेगा।
4. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पूर्णियां में जादू–टोना के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जिंदा जलाकर हत्या के मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेश को नोटिस भेजा।
5. और, मानसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश भागों में हो रही है झमाझम बारिश। मौसम विभाग का कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया में भारी वर्षा का अलर्ट।

---

समाप्त